लखनऊ कला महाविद्यालय के प्रिंसिपल तो भारतीय कला के कई बड़े नाम रहे हैं—हाल्दार, एलएम सेन, सुधीर रंजन ख़स्तगीर, दिनकर कौशिक, रणवीर सिंह बिष्ट, जयकृष्ण अग्रवाल आदि। मदनलाल नागर, अवतार सिंह पंवार आदि वहाँ के योग्य अध्यापक भी रहे हैं। पर

आधुनिक कला में लखनऊ कला महाविद्यालय से पैदा हुए चर्चित कलाकारों में दो-चार नाम भी काफ़ी खोजने पर ही मिलेंगे। नागर और बिष्ट की कला ने अपनी उल्लेखनीय पहचान बनायी, पर अंत में वे उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण कलाकार बनकर रह गये। जयकृष्ण को 1974 में फ़्लोरेंस (इटली) के प्रिंट बिनाले में महत्त्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला, पर अनेक कारणों से उन्हें अधिक ग्लैमर और सफलता के लिए किसी दिल्ली, मुंबई जैसे कला केंद्र का सहारा नहीं मिला या कह सकते हैं कि निजी कारणों से लखनऊ नहीं छोड़ सके। प्रिंट-मेकिंग के वह बहुत बड़े नाम हैं, पर उनके काम को शायद उचित सम्मान अभी तक नहीं मिला। इन पंक्तियों का लेखक उन्हें पाँच से भी अधिक दशकों से जानता है, पर सतही सफलता के पीछे बिल्कुल न दौड़ने के कारण वह कला की दुनिया में अपना विनम्र योगदान करते रहे हैं। वे लखनऊ कला महाविद्यालय के प्रिंसिपल भी रहे, उनके दो प्रिय छात्रों सुरेंद्रपाल जोशी और फणीन्द्र नाथ चतुर्वेदी को प्रदेश से आगे जाकर सफलता का दुर्लभ अवसर मिला। जोशी कम उम्र में कैंसर का शिकार हो गये, पर उनके काम ने अपनी एक जगह बनाई।



वैसे फणीन्द्र बनारस में भी अपनी कला शिक्षा प्राप्त कर सकते थे। 1998 में इंटर (12वीं) का इम्तिहान देकर उन्हें बनारस विश्वविद्यालय के कला कोर्स में दाख़िला भी मिल गया था। पर इंटर (12वीं) का इम्तिहान टायफायड जैसी बीमारी में दिया गया था, फणीन्द्र फेल हो गये। बनारस में अब दाख़िला नहीं मिल सकता था। एक समय केएस कुलकर्णी और बलबीर सिंह कट्ट जैसे नामों के कारण बनारस भी कला शिक्षा प्राप्त करने का उल्लेखनीय स्थान था। अगले साल फणीन्द्र ने लखनऊ को चुना। उनका कहना था कि मेरे लिये आर्ट बस एक पैशन था। मुझे बस कला करनी थी। क्रिकेट की भाषा में कहें, तो मैं सचिन और विराट बनने के बारे में नहीं सोच रहा था। मुझे तो बस आर्टिस्ट ही बनना था।

जयकृष्ण ने फणीन्द्र की प्रतिभा को, उनके काम और उनकी लगन देखकर पहचान लिया। फणीन्द्र का फोकस ड्राइंग पर था—जैसे महाभारत के अर्जुन बस मछली की आँख को देख रहे थे। उनके अध्यापक चाहते थे वह ऑयल पेंटिंग पर ध्यान दें। जय ने डालीगंज में फणीन्द्र के कमरे में जाकर उनका काम देखा। फिर उन्होंने फणीन्द्र को अलीगंज में अपने घर के पास किराये पर कमरा दिलवाने में मदद की।

एक छात्र के रूप में भी फणीन्द्र की एक दूसरी ही दुनिया थी। आनेवाले सालों में उन्हें इस दुनिया को कई नये विस्तार देने थे।

वह उन छात्रों में थे, जो कला की कई दुनियाओं में आवाजाही करना चाहते थे। ड्राइंग उनकी पैशन थी, पर बाद के सर्जनात्मक वर्षों में उन्होंने अपनी कला के कई नये दरवाज़े खोले, और अभी खोलते जा रहे हैं।

अध्याय 3

कला का पहला चरण

फणीन्द्र नाथ चतुर्वेदी पिछले 23–24 वर्षों में कला के तीन-चार महत्वपूर्ण चरणों से गुज़रे हैं। छात्र जीवन के उनके अनगिनत रेखांकनों में भविष्य की उनकी कला के बिल्कुल निजी व्याकरण को थोड़ा बहुत पहचाना भी जा सकता है। अत्यंत धैर्य से काम करना उनके कला की एक बड़ी ताक़त है।

गौर करने की बात यह है कि 18-19 साल की उम्र तक फणीन्द्र बनारस में रहे, लखनऊ आये, तो बनारस ही उनके भीतर था। लेकिन जब उन्होंने काग़ज़ पर पेन, इंक, पेंसिल से रेखांकन बनाना शुरू किये, तो जो दुनिया सामने आयी, उसमें बनारस के प्रसिद्ध घाट, मंदिर, गंगा किनारे के अद्भुत नज़ारे पूरी तरह से ग़ायब थे। बल्कि उनकी कला के सभी चरणों में बनारस का बाहरी या सतही रूप बिल्कुल ग़ायब है। उनके व्यक्तित्व और कला में बनारस इतना बसा हुआ है कि वह बनारस में आकंठ डूबे हुए हैं। बनारस उनके शरीर, दिमाग़ में रचा-बसा है। वह दिखता नहीं है, पर वह पूरी तरह से मौजूद है। वह कहते हैं बनारस जो दिखता है, वह मेरी कला में नहीं दिखता है। उसका एक अमूर्त रूप मेरे भीतर है। आज तक मुझे उसके बाहरी रूप को अपनी कला का हिस्सा बनाने की ज़रूरत महसूस नहीं हुई।

राम कुमार ने भी बनारस के लैंडस्केप को अपने भीतर भर लिया था, उसे आत्मसात कर लिया था। उनके अमूर्त चित्रों में भी एक मूर्त बनारस कहीं न कहीं छिपा दिखता है। राम कुमार तो ख़ैर बनारस में पैदा नहीं हुए थे। बाहर के आदमी को बनारस एक अलग ही नज़रिए से दिखता है। वह इस शहर के अद्भुत जादू से चमत्कृत हो जाता है, पर बनारस में जन्मे, उसकी गलियों, घाटों आदि में पले-बढ़े फणीन्द्र अपनी कला में जिस बनारस को आत्मसात किये हुए हैं, वह कभी दिखेगा नहीं। न दिखने में ही उसकी एक सार्थक उपस्थिति दर्ज है।

आर्ट कॉलेज की शिक्षा का पहला सबक़ है, बाहर किसी भीड़ भरे इलाक़े में सुबह से शाम जाकर बैठो, लोगों को देखो, उनके असंख्य स्कैच बनाओ। शांतिनिकेतन जैसी जगहों के नियम कुछ अलग रहे हैं। आदिवासी जीवन की छवि, लैंडस्केप आदि वहाँ के कला के छात्रों के अभ्यास स्थल थे। महान कलाकार राम किंकर ने अपने युवा छात्र रामचन्द्रन से कहा, तुम प्रकृति के बीच जाओ और खूब स्कैच करो।

वड़ोदरा, मुंबई या लखनऊ जैसे कला महाविद्यालयों के छात्र को उनके अध्यापक रेलवे स्टेशन जाकर स्कैच करने की सलाह देते थे। फणीन्द्र को चारबाग़, लखनऊ का स्टेशन मिला या अमीनाबाद का व्यस्त बाज़ार या मंकी ब्रिज का माहौल। इन जगहों पर काग़ज़, पेंसिल, पेन और इंक लेकर वह अपनी कला साधना करने लगे। भले ही युवा कलाकार जो बना रहा था, उसमें अगर एक अतियथार्थवादी चित्र भाषा की झलक मिल रही थी, तो वह बहुत सजग होकर पकड़ा गया कला का रास्ता नहीं था।

मानव शरीर अपनी संपूर्णता में शायद ही कहीं था। कटे हुए शरीर के अंग एक ख़ास तरह से संयोजित किए गये थे। स्कैच में संयोजन तो बढ़िया था पर एक निराशा, हताशा, अँधेरे का माहौल था। कलाकार का कहना था, तब मैं भले ही सजग नहीं था पर शायद एक संस्कृति संपन्न घर के प्रेम भरे माहौल से निकलकर अकेले युवक का संघर्ष भी इस निषेधी नज़रिए का कारण रहा हो। घर के सुरक्षित और परिवार के दूसरे सदस्यों पर निर्भर प्रेम भरा जीवन एक ख़ास तरह के निजी ट्रामा का भी शिकार हुआ। लेकिन उस किशोर कलाकार में मुश्किल परिस्थितियों की मज़बूती से सामना करने की हिम्मत भी आयी। कुछ साल बाद ब्लड कैंसर जैसे रोग से मुक़ाबला करने की अनोखी हिम्मत भी आयी।

रेम्बरां जैसे महान कलाकारों के आत्म-चित्र किताबों में देखकर सेल्फ-पोर्ट्रेट बनाने का भी ज़बरदस्त आकर्षण पैदा हुआ। 2004 में एक आत्म-चित्र बनाया— सेल्फ पोर्ट्रेट विद् वॉच, पेन एंड इंक। यह चित्र कलाकार के प्रारंभिक संघर्ष, अँधेरे और भीतर के सच्चे कलाकार को पहचानने की भी असरदार अभिव्यक्ति कही जा सकती है। पोर्ट्रेट बनाने की कला में युवा कलाकार ने अच्छी-ख़ासी महारत दिखायी, ख़ुद के ही नहीं, दूसरों के भी अच्छे पोर्ट्रेट बनाये। वरिष्ठ कलाकार भवेश चंद्र सान्याल का पोर्ट्रेट भी एक अच्छी मिसाल है। महान नेता लाल बहादुर शास्त्री का पोर्ट्रेट भी एक अच्छी शुरुआत थी जिसकी चर्चा हम आगे भी करेंगे। शास्त्री जी के पोर्ट्रेट ने कलाकार को दक्षता दिखाने के अच्छे अवसर तो दिये, साथ में इतना पैसा भी दे दिया की कलाकार चित्र- रचना को कुछ समय के लिए रोक कर कला का अधिक गहरा और सार्थक अध्ययन कर के ख़ुद का एक अधिक मौलिक रास्ता चुन सका।

वर्ष 2006 से पहले के चार-पाँच वर्षों के कुछ काम कलाकार की अपनी पहचान को बनाते हैं। वर्ष 2004 का एक चित्र 'द पोर्ट्रेट ऑफ लाइफ' एक ऐसा ही काम है। अँधेरे में एक चेहरा अपने हाथों से आँखें, मुँह आदि छिपाने की कोशिश कर रहा है। एक पूरे आदमी का चेहरा जैसे न चाहते हुए भी बिगड़ गया है। संयोजन तो कमाल का है। इसी साल का एक अन्य चित्र 'द प्ले ऑफ लाइफ' भी काफ़ी प्रभावशाली है। फ़र्श जो शतरंज की तरह का है और एक सलीब उसमें खड़ा है।

2005 का एक काम 'मोनालीसा मिस्टिफ़ाइड' भी पेंसिल और पेपर की एक अनोखी और प्रभावशाली दास्तान है। फणीन्द्र के कुछ शुरू के काम उस माहौल को बहुत पहले ही देख लेते हैं जो बाद में 2020 में कोविड ने बनाया था। मास्क उनके पात्र बहुत पहले ही पहन चुके थे। मोनालीसा की विरूपित मुस्कान और उसके हाथों की वही कोमल मुद्रा एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

ऑयल में चित्र बनाने से बचा तो नहीं जा सकता था। आख़िर आर्ट कॉलेज में दाख़िला लिया था। इस माध्यम में उनके एक-दो चित्र कुशल अभिव्यक्ति भले ही हैं लेकिन काग़ज़ पर पेन और इंक में उनकी अभिव्यक्ति असाधारण साबित हो रही थी। फणीन्द्र शुरू से ही इस बात को लेकर सजग थे कि कोई दूसरा कलाकार मेरे काम पर कहीं हावी न होने लगे। ऑयल में कैनवास के काम में उन्हें अपने एक प्रिय चित्रकार रामेश्वर बरूटा की नग्न पुरुष आकृति की एक हल्की-सी भी झलक उनको दिखी, तो उन्होंने उस माध्यम से दूरी ही बना ली।

फणीन्द्र ने इन प्रारंभिक वर्षों में ऑयल ऑन कैनवास, ऑयल ऑन पेपर, वॉटर कलर, ड्राई पैस्टल, चारकोल, पेंसिल और पेन एंड इंक, गुआश आदि सभी माध्यमों को अपनाया, पर उनका दूसरा चरण जल्दी ही उन्हें अपनी अभिव्यक्ति की वास्तविक दुनिया में ले जाने वाला था। पेपर नहीं, अब आर्काइवल पेपर की ज़रूरत थी।

लाल बहादुर शास्त्री की जन्म शताब्दी पर उत्तर प्रदेश सरकार ने एक टेंडर निकाला। वर्ष 2005 में विधान सभा के लिये उनका पोर्ट्रेट बनवाया जाना था। ऑयल ऑन कैनवास पर शास्त्री जी का रंगीन पोर्ट्रेट गन्ना संस्थान, डाली बाग, लखनऊ में आज भी वहाँ की शोभा बढ़ा रहा है। शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री ने दो-तीन बार आकर पोर्ट्रेट को बनते हुए देखा था। उन्हें भी महसूस हुआ कि यह चित्र मेरे पिता की छवि के साथ पूरा न्याय कर रहा है। कलाकार को शास्त्री जी के रंगीन चित्र किसी भी सरकारी, ग़ैर-सरकारी स्रोत से मिल नहीं पाये थे। फणीन्द्र ने एक पोर्ट्रेट पेन एंड इंक ऑन पेपर में भी बनाया। कलाकार की निजी प्रतिभा यहाँ अधिक सार्थक अभिव्यक्ति पा सकी। ऑयल ऑन कैनवास में भी उनकी अभिव्यक्ति सशक्त साबित हुई।

इस काम के लिए कलाकार को 24,000 रुपये सरकार से मिले, जिससे यह लाभ हुआ कि फणीन्द्र एक साल आराम से बैठकर वक़्त का

पूरा फ़ायदा उठा सके। उन्हें अपनी कला का अनुकूल रास्ता पहचानने और उसे जाँचने का पूरा समय मिल सका। लेकिन आज फणीन्द्र, शास्त्री जी जैसा पोर्ट्रेट बनाने का काम शायद नहीं ही करना चाहेंगे।

वर्ष 2003 में उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के सहयोग से फणीन्द्र की पहली एकल प्रदर्शनी फ़रवरी 2003 में संपन् हुई। पहली प्रदर्शनी थी, ऊपर से लखनऊ में कोई ख़ास कला बाज़ार नहीं था, पर इस युवा कलाकार का कला से इतना गहरा अनुराग था कि कैटलॉग भी ढंग का छपवाया। उस ज़माने में ढाई हज़ार रुपये कैटलॉग पर खर्च हुए। उन दिनों को याद करते हुए कलाकार का कहना है कि हमारा तब नज़रिया यही था कि दो रोटी कम खा लो पर आर्ट की जो अपनी ख़ास तरह की लक्ज़री है, उसे तो होना ही चाहिए।

संयोग से उन्हीं दिनों मशहूर भारतीय कलाकार मक़बूल फ़िदा हुसेन की फ़िल्म गजगामिनी का विशेष प्रदर्शन भी बग़ल की मुख्य गैलरी में होना था। फणीन्द्र ने ख़ास तौर से प्रदर्शनी में हुसेन का अपना बनाया रेखांकन भी लगाया था। कुछ साल बाद भारत के इस महान कलाकार को फाशिस्ट ताक़तों ने देश से बाहर रहने के लिये मज़बूर कर दिया, पर आज फणीन्द्र यह गर्व से कह सकते हैं कि यह महान कलाकार मेरी पहली प्रदर्शनी में आया था, मेरा बनाया हुआ उनका पोर्ट्रेट भी वे देख पाए थे।

शास्त्री जी के पोर्ट्रेट से मिले पैसे से जो सोचने-समझने का समय युवा फणीन्द्र को मिला, वह उनकी कला के विकास में निर्णायक साबित हुआ। उनकी दूसरी एकल प्रदर्शनी ऐन एंथ्रोपोमोर्फ़िक जब दिल्ली में हुई, तो वह अपनी कला का पहला वास्तविक चरण हासिल कर चुके थे। उनकी कला में एन एन्थ्रोपोमोर्फ़िक एंगल (मानवाकृतीय) सच्चाई प्रवेश कर चुकी थी। 2007 में दिल्ली की द मिंट गैलरी में फणीन्द्र की दूसरी एकल प्रदर्शनी में कलाकार का अपना निजी व्याकरण बनना शुरू हुआ, जो कुछ ही सालों में स्थापित और स्वीकृत हो गया। आज की कॉरपोरेट दुनिया ने मनुष्य का नक़ली रूप असली होने जैसा बना दिया।

हाड़-मांस के आदमी की तकलीफ़ वाली कहानियाँ जो दिखती हैं, वो होती नहीं। कलाकार के मनुष्य बड़े शानदार कॉरपोरेट रंग-बिरंगे कपड़ों में दिखने लगे, पर उनके चेहरे, शरीर के अन्य अंग पेंच, नट-बोल्ट, चमड़े भी सिले नज़र आने लगे। बाद में लास्ट सपर पेंटिंग में इस कॉरपोरेट दुनिया की अधिक धज्जियाँ उड़ा सके। फणीन्द्र के चित्र भाषा की विशेषता टेक्स्चर पर बड़े धैर्य से काम करना है। इसलिए उनकी कला में विचार का भी अपना धैर्य है, वह चीख़ की भाषा को हुल्लड़ नहीं बनने देता।

इन अज़ीब और लगभग दूसरी दुनिया के आदमियों के भी पंख उगने लगे। यह हम अगले अध्याय में जानेंगे कि कैसे इन आदमियों ने चमगादड़ के पंख छोड़ दिये और तितलियों के रंग-बिरंगे पंख आ गये। फणीन्द्र के लिए तितली का सौंदर्य भी एक गहरी पीड़ा की लंबी कहानी है।

हमारे समय में परी कथा के पिता हंस क्रिश्चियन एंडरसन के शब्दों में, सिर्फ़ जीना ही काफ़ी नहीं है, तितली ने कहा, व्यक्ति के पास धूप, आज़ादी और थोड़ा सा फूल होना चाहिए।

अध्याय 4

संकल्पशक्ति का आशावाद



काँटों में घिरे फूल को चूम आयेगी लेकिन
तितली के परों को कभी छिलते नहीं देखा
–परवीन शाकिर

समकालीन समय में फणीन्द्र की कला दुनिया में तितली केंद्र में है। तितली के बारे में कवियों, कलाकारों, लेखकों, वैज्ञानिकों ने समय-समय पर बहुत-कुछ लिखा है। तितली की सुंदरता के बारे में एक बड़ा अच्छा उद्धरण है जो फणीन्द्र की कला ही नहीं, जीवन से भी बहुत गहरे स्तर पर जुड़ा है। किसी ने बहुत अच्छी बात कही है कि एक तितली हमेशा हमें इस बात की याद दिलाती है कि सभी तरह की पीड़ाओं के अंत में सुंदरता है।

इतालवी वामपंथी विचारक ग्राम्शी का एक प्रिय उद्धरण फ्रांसीसी लेखक अनातोले फ्रांस का है, बुद्धि का निराशावाद, संकल्पशक्ति (विल) का आशावाद। हृदय को निष्कपट, सरलमति होना चाहिए, दिमाग़ को नहीं। फणीन्द्र की कला और जीवन दोनों को समझने के लिए यह उद्धरण बहुत सार्थक बनता है।

इन पंक्तियों का लेखक फणीन्द्र से जब मिला, तो कला के पिछड़े माने जाने वाले शहर लखनऊ से पढ़े युवा कलाकार के काम की अद्भुत ताक़त देख कर हैरान रह गया था। वर्ष 2007 आधुनिक भारतीय कला का बहुत समृद्ध काल था। यह विडंबना ही है कि 2002 में सूजा के निधन के बाद अचानक भारतीय कला बाज़ार को एक अनोखी उड़ान मिली। फणीन्द्र अगर लखनऊ या बनारस रह कर काम करते, तो शायद उन्हें अपनी अलग पहचान बनाने में काफ़ी दिक़्क़त होती। उनकी प्रदर्शनी दिल्ली में हुई, उनकी कला का एक अलग व्याकरण स्थापित होने लगा। फणीन्द्र दिल्ली आकर भी कभी पूरी तरह से दिल्ली के नहीं हुए। शुरू में उन्होंने गुरुग्राम को चुना, बाद में नोएडा शिफ्ट हो गये। दिल्ली के कला ग्लैमर और पार्टियों से वह दूर ही रहे। उनके काम करने के ढंग में धैर्य, श्रम, एकांतवास महत्त्वपूर्ण था।

एक हिंदी साहित्यिक परिवार के प्रिय युवा सदस्य होने के कारण वह आधुनिक कला दुनिया के ग्लैमर का कभी हिस्सा नहीं बने। अपनी जड़ों से उन्होंने कभी नाता नहीं तोड़ा। उनकी कला में शुरू में बुद्धि का निराशावाद अपने एक ख़ास ढंग से हावी था। 2014 में बेटी पाणिनिधि के जन्म के बाद जब उन्होंने नन्ही-सी प्यारी बेटी को हाथों में लिया, तो उनकी रचनात्मक ताक़त को एक बिल्कुल नया बल मिला।

फणीन्द्र की पत्नी पारुल (जन्म 1980) एक पंजाबी परिवार से हैं। वह लखनऊ आर्ट्स कॉलेज में उनकी सहपाठी थीं। शुरू से ही वह फणीन्द्र के काम में दिलचस्पी लेने लगी थीं। जो दोस्ती कला से शुरू हुई, बाद में वह एक गहरे प्रेम में बदल गई। पारुल जीवन के अँधेरे में भी प्रेम की ज्वाला बनकर आयी और बहुत रौशनी उसने पैदा की। फणीन्द्र ने जाना कि जीवन में एक नई शुरुआत हमेशा संभव है।

आधुनिक समय में पति-पत्नी दोनों का कलाकार होना एक सामान्य बात है। अन्य विधाओं के मुक़ाबले में कला में यह रिश्ता ज़्यादा आसानी से बनता है। हमारे समय में मनु पारेख-माधवी, परमजीत-अर्पिता, ग़ुलाम शेख़-नीलिमा, रामचन्द्रन-चमेली, अमिताभ दास-

मोना राय आदि कई सुंदर और सफल उदाहरण हैं। लेकिन फणीन्द्र और पारुल की प्रेम कथा की कहानी थोड़ा अलग है। दोनों ने आसानी से यह निर्णय ले लिया कि हम विवाह करेंगे। पारुल के अनुसार फणीन्द्र के व्यक्तित्व के अलावा कला के प्रति उनके पूर्ण समर्पण (डेडिकेशन), कला के टेक्स्चर और रूपाकारों के प्रतिपादन (रेंडरिंग) ने आकर्षित किया। उन दिनों पारुल ख़ुद ज्यामितिक रूपाकारों में काम कर रही थीं। बल्कि दिल्ली में अपर्णा आर्ट गैलरी में उनकी 2006 में एकल प्रदर्शनी भी आयोजित हुई थी जिसका कैटलॉग वरिष्ठ कला समीक्षक केशव मलिक ने लिखा था।

फणीन्द्र मई, 2008 में दिल्ली आये और दिसंबर, 2009 में वह विवाह करने की सोच रहे थे। लेकिन जीवन की कुछ कड़वी सच्चाइयाँ भी सफल-संतुष्ट व्यक्ति का पीछा नहीं छोड़तीं। विवाह की तिथि तय होने के ठीक थोड़ा पहले फणीन्द्र को डॉक्टरों ने काफ़ी जाँच के बाद बताया कि उन्हें ब्लड कैंसर जैसी भयावह बीमारी से भी लड़ना पड़ेगा। (देखें , इंटरव्यू) उन दिनों फणीन्द्र अपनी कला का सबसे सशक्त चरण खोज चुके थे। विवाह की ख़ुशियाँ भी इंतज़ार कर रहीं थीं। ये सब जानने के बाद पारुल ने एक अत्यंत साहस भरा निर्णय लिया कि सब कुछ जानते हुए भी मैं विवाह फणीन्द्र से ही करूँगी। घरवाले भी उनके इस कठिन निर्णय को अंत में मान गये। पारुल का तर्क था कि विवाह के तुरंत बाद मुझे इस बीमारी के होने की रिपोर्ट मिलती, तो क्या मैं अपने साथी को अकेला छोड़ देती।

फणीन्द्र को ब्लड कैंसर की जानकारी मिलने के बाद एक तरफ़ अपनी बीमारी से जूझना था और विवाह का एक अर्थ इस लड़ाई में पारुल का चौबीस घंटे का साथ भी था। गौर करने की बात है कि फणीन्द्र और पारुल का विवाह फ़रवरी 2010 में हुआ और घर व हॉस्पिटल के संघर्ष के बीच कलाकार ने अपना कला के प्रति समर्पण नहीं छोड़ा, बल्कि विवाह के तुरंत बाद के वर्षों में फणीन्द्र की कला में ग़ज़ब की परिपक्वता आयी। पारुल और फणीन्द्र का हनीमून विवाह के कुछ महीने बाद की उनकी जयपुर की उस तस्वीर में देखा जा सकता है, जब वे सैयद हैदर रज़ा के साथ प्रसन्न मुद्रा में बैठे हैं। जिस तरह से रामचन्द्रन की पत्नी चमेली को विवाह के बाद बच्चों के बड़े हो जाने के बाद अपने स्टूडियो में अपना रचनात्मक एकांत खोजना पड़ा, कोई हैरानी नहीं कि पारुल भी अपनी प्यारी और होनहार बेटी के बड़े हो जाने के बाद अपने निजी स्टूडियो में सक्रिय हो जायें।

2012 में हांगकांग की केरिन वेबर गैलरी में फणीन्द्र की एकल प्रदर्शनी उनके कैरियर में एक लैंडमार्क साबित हुई। केरिन जर्मन महिला थीं, फणीन्द्र की यूनीक क़िस्म की कल्पनाशक्ति में उनकी दिलचस्पी बढ़ी। बरसों बाद सिंगापुर में अप्रैल, 2023 में ब्रूनो गैलरी ने जब फणीन्द्र ने अपनी स्टील के अलकेमिस्ट होने की जादूगरी दिखाई, तो प्रदर्शनी शुरू होने से पहले ही पिकासो और डेमियन हर्स्ट सरीखे बड़े कलाकारों के कलेक्टर चार्ल्स एंड कीथ इंटरनेशनल फैशन ब्रांड ने पहली बार किसी भारतीय कलाकार के काम को ख़रीदा। अब फणीन्द्र युवा कलाकार नहीं थे, भारत में उनका काम कई बड़ी प्रदर्शनियों में शामिल किया जाने लगा था।

इन पंक्तियों के लेखक ने रोहित सूरी के साथ 2012 में मेटामोर्फोसिस नाम से फणीन्द्र की कला पर एक लघु फ़िल्म बनायी थी, जो हांगकांग की प्रदर्शनी में शामिल भी की गयी थी। चेक लेखक काफ़्का की इसी नाम की कहानी से यह शीर्षक लिया गया था। उस दौर में जब फणीन्द्र एंथ्रोपोमोर्फ़िक मानव की तलाश कर रहे थे, तो उनकी संवेदना काफ़्का के उस नायक के क़रीब थी जो एक दिन सुबह उठकर अपने को एक कॉक्रोच में बदला हुआ पाता है। फणीन्द्र के पुरुष कुछ इसी तरह के रूपांतरण की पीड़ा से गुज़र रहे थे। गौर करने की बात यह है कि फणीन्द्र ने उस दौर के चित्रों में स्त्रियों को भी केंद्र में रखा पर जो बात उन्होंने कॉरपोरेट दुनिया के सजे-धजे पर बुरी तरह से रूपांतरित पुरुषों में पकड़ी, वही उनकी प्रबल पहचान वाली भाषा थी।

2018 में सैफरनआर्ट/एल्फ्स पब्लिकेशन ने पैंतीस चुने हुए कलाकारों के लास्ट सपर की जो किताब छापी थी, उसमें महान इतालवी कलाकार लियोनार्डो द् विंची की मिलान के चर्च में मौजूद कलाकृति लास्ट सपर का सबसे समकालीन आधुनिक कॉरपोरेट दुनिया में रूपांतरण फणीन्द्र के दो चित्रों में था। 44/89 इंच के छोटे आकार का वर्जन हो या 60/240 इंच के आकार का वर्जन, इस कलाकार ने समकालीन कॉरपोरेट कल्चर पर जो तीखा व्यंग्य किया है वह अद्भुत है। बरसों की मेहनत का यह नतीजा है।



2010–12 में फणीन्द्र ने कुछ अद्भुत चित्रों की एक सीरीज बनायी थी, जो इन पंक्तियों के लेखक की प्रिय सीरीज है। फणीन्द्र ने शुरू के कॉलेज के दिनों में मनुष्य के अंग-भंग के रेखांकन बनाये थे, उनका अधिक परिपक्व और प्रभावशाली रूप इस सिरीज़ में हमें दिखता है। कोई एक वीरान से शहर में मनुष्य के आधे-अधूरे रूप एक अस्तित्ववादी आशंका का माहौल पैदा करते हैं। इसी को बुद्धि का निराशावाद हम कह सकते हैं, पर संकल्पशक्ति को उन्होंने नहीं खोने दिया। शुरू में तितलियाँ मशीनी मनुष्य के पंख बन कर दिखती थीं। मशीनी मनुष्य तितलियों की तरह उड़ने की कोशिश कर रहा है। यह अलग बात है कि चमगादड़ के पंख उसके अधिक अनुकूल हैं। तितली होने का इतिहास सिर्फ़ ख़ूबसूरती का इतिहास नहीं है। तितली के छोटे-से जीवन में अनोखी संघर्ष- कथा है। अंडा, लार्वा, कैटरपिलर से वयस्क होने की तितली की कथा को उस व्यक्ति से अच्छा कौन जान सकता है, जिसने ब्लड कैंसर से लड़ाई लड़ी हो। यह कलाकार मोनार्क तितली की प्रजाति से प्रेरणा पाता है जो सीमाओं से कहीं ऊपर चली जाती है। यह तितली महान ऊँचाइयों तक जाती है। लंबा भ्रमण उसकी नियति है।

फणीन्द्र छात्र थे, तो मूर्ति-शिल्प से वह बहुत दूर ही रहे। सेरेमिक्स में थोड़ा बहुत काम किया पर उसमें भी मन नहीं लगा। पिछले कुछ सालों में वह फ़ाइबरग्लास, स्टील, काष्ठ आदि माध्यमों में बिल्कुल नयी शैली का काम कर रहे हैं। उन्हें स्टील का अलकेमिस्ट कहा जा रहा है। कीमियागरी शब्द अंग्रेज़ी के अलकेमिस्ट से शायद बेहतर है। साधारण धातु को सोने में बदलने की कला में सिर्फ़ विज्ञान नहीं है, जादूगरी भी है।

पिछले कुछ समय में फणीन्द्र इस विज्ञान और जादू के अद्भुत मेल से जो तितलियाँ बना रहे हैं, उसके लिए वह मुरादाबाद या नोएडा की फ़ैक्टरियों में जाकर बहुत मेहनत करते हैं। यह जादू भी नहीं है और विज्ञान भी नहीं। यह कला का अद्भुत धैर्य, परिश्रम और कला का जोखिम है।

यह जोखिम ज़रूर बना रहे। अभी तो लंबा रास्ता है। मीलों अभी चलना है।

अध्याय 5

वार्तालाप

विनोद: बनारस कई आधुनिक कलाकारों का प्रिय शहर रहा है। राम कुमार की कला में बनारस का अद्भुत चित्रण देखा जा सकता है। वह एक बार मुझे बता रहे थे कि महान फ़िल्मकार सत्यजीत राय एक बार उनकी कोलकाता में प्रदर्शनी देख कर बोले, बनारस से प्रेरित आपके चित्र मुझे सबसे अधिक पसंद आये। निधन से पहले शायद अपने आख़िरी इंटरव्यू में उन्होंने मुझसे कहा था की बनारस को जानने, समझने, चित्रित करने के लिए एक जीवन काफ़ी नहीं है। मनु पारेख ने भी अपने अनेक चित्रों, रेखांकनों में बनारस से प्रेरणा ली है। आपका तो जन्म ही बनारस में हुआ है। आपके मन में बनारस की कौन-सी ऐसी तस्वीरें रही हैं जो आपकी कला ही नहीं, जीवन के मर्म को समझने में भी सहायक हैं। चित्रकार के रूप में आपकी वर्तमान पहचान में बनारस साफ़-साफ़ सतही रूप में दिखता नहीं है, क्या आप कभी भविष्य में बनारस को अपने किसी ख़ास नज़रिए से देखना-दिखाना चाहेंगे? ऐसा बनारस जो कहीं न कहीं पहचाना भी जा सके।

फणीन्द्र : दरअसल मेरे चित्रों, मेरी कला में बनारस की आत्मा हमेशा मौजूद है। बनारस की संस्कृति मेरे व्यक्तित्व में रची-बसी है। मेरी कोई भी सीरीज़ हो उसमें बनारस एक तीसरी आँख की तरह मौजूद है। ज़ाहिर है मेरे परवरिश का परिवेश बदलता रहा है। बनारस से लखनऊ गया, फिर गुरुग्राम आया, फिर नोएडा में शिफ़्ट हुआ, पर बनारस की एक जो तीसरी आँख है वह शायद कभी ग़ायब नहीं हो सकती है। बनारस में कोई आडंबर नहीं था। लखनऊ आया, तो आडंबर और प्रोटोकॉल की संस्कृति दिखाई दी। बनारस में बड़े-बड़े साहित्यकार, प्रोफ़ेसर, विद्वान, सहज रूप में मिलते थे। संकट मोचन मंदिर में हम जो संगीत सुनते थे, वहाँ कोई तामझाम नहीं होता था। टाटा, बिड़ला भी बनारस आकर अपना विशिष्ट रूप त्याग देते थे। मेरा बचपन प्रोफ़ेसर इंदुमति पुरोहित, एमएम मुल्ला जैसे विद्वानों के घरों में एक सहज-सुंदर वातावरण में बीता था। इन मूर्धन्य लोगों के घरों में जाकर पंडित जसराज जैसे महान संगीतकारों को भी सुना जा सकता था और उन घरों के बगीचों में आम-अमरूद तोड़कर हम सब बच्चे जीवन का सहज आनंद महसूस करते थे। दूसरे अर्थ में हमारा जीवन समृद्ध था। यह पैसे की अमीरी नहीं थी, यही असली अमीरी है। आज मैं अपनी बेटी को ऐसा साहित्य, कला, संगीत का वातावरण आसानी से नहीं दे सकता हूँ। वो दुनिया सच्चे अर्थों में धार्मिक थी, बिना किसी ब्रांडिंग के। योगाचार्य हमें रामायण के दर्शन को ही नहीं, विज्ञान को भी सहज रूप में बताते थे। हम सात्त्विक थे, कट्टर बिल्कुल नहीं थे। हम बंद दुनिया के नागरिक नहीं थे, वो एक बिल्कुल खुली दुनिया थी। मैं एक स्थानीय बनारसी लड़का रहा हूँ, आज वहाँ डिस्को संस्कृति का तामझाम देखकर तकलीफ़ होती है। आगे कभी मेरी कला में बनारस अपने स्पष्ट या आसानी से पहचाने वाले रूप में कभी आया भी, तो वो किसी सतही कोशिश के रूप में नहीं आएगा। तब भी तीसरी आँख ही सक्रिय होगी।

विनोद: उत्तर प्रदेश के चतुर्वेदी परिवार अपने लगभग बंद परिवेश में, शायद जापानियों की तरह रहना पसंद करते हैं। हो सकता है यह मेरी ग़लत धारणा हो, पर आपने प्रेम एक पंजाबी मूल की लड़की से किया और विवाह भी उसी से किया। क्या पारुल से विवाह के आपके फ़ैसले का शुरू में परिवार ने कम या ज़्यादा विरोध किया?

फणीन्द्र : मैं आपकी इस बात से सहमत नहीं कि हम, हमारा परिवार, हमारा परिवेश एक बंद दुनिया है, जहाँ बाहरी व्यक्तियों के लिए जगह नहीं है। यह सही है की हम उच्छृंखल नहीं हैं, लाउड नहीं हैं। कह सकते हैं कि हम कुछ रिज़र्व क़िस्म के लोग हैं, पर सैद्धांतिक रूप से हम हमेशा लिबरल रहे हैं। हमारे परिवेश की अपनी एक अलग परंपरा है लेकिन हम दूसरे सभी धर्मों— ईसाई, मुस्लिम या कोई भी धर्म हो, सबके प्रति आदर-भाव रखते हैं। ठीक है हमें हरी सब्ज़ियाँ, पानी आदि बहुत आकर्षित करता है। कह सकते हैं कि सड़क पर अचानक हमें हरी सब्ज़ियाँ दिख जायें, तो हम उन पर गाय, बकरी की तरह टूट पड़ते हैं। हम लोग शांत क़िस्म के लोग हैं, शो ऑफ़ में हमारा कोई विश्वास नहीं है। हमारे दादा सत्यदेव चतुर्वेदी

का गाँव रामपुर खुर्द (तहसील मछलीशहर, जनपद जौनपुर) था। दादा जी अपने समय के मूर्धन्य विद्वान थे। हमारे परिवार के ये विद्वान छिछले ज्ञान में विश्वास नहीं करते थे। दादा जी लेखक/संपादक भी थे, आज़ादी से पहले वह खड़ी बोली बोलते थे। वे प्रोग्रेसिव थे, उन्हें अपने समय का अंग्रेज़ माना जाता था। फ़ादर कामिल बुल्के जैसे विद्वानों से उनका संवाद होता था। मेरे पिता इसी परंपरा में पले-बढ़े। कह सकते हैं पिता सैद्धांतिक थे, पर माँ व्यावहारिक थीं। मेरे अपने विकास में यह कॉम्बिनेशन सहायक ही सिद्ध हुआ। मेरा ननिहाल आज के मुंबई में था। इस तरह से मुझे एक परिपक्व परिवेश विरासत में मिला। जहाँ तक एक पंजाबी लड़की के घर में बहू बनकर आने की बात है, हमारे परिवार में एक जापानी बहू भी आ चुकी थी। बड़े भाई के शादी न करने के कारण विवाह में थोड़ा समय लगा। वैसे मेरी पत्नी पारुल मुझसे भी ज़्यादा सात्विक हैं।

विनोद: मेरी आपकी शुरू की मुलाक़ातें आपके विवाह से पहले हुई थीं। तब अचानक कम उम्र में ही आप एक ऐसी बीमारी का शिकार हो गये थे, जो किसी दूसरे के लिए अत्यधिक निराशा का कारण भी बन सकती थी। तब आपका विवाह भी नहीं हुआ था, पर पारुल ने इस रोग को जानने के बाद भी तय किया कि वह आपसे ही विवाह करेंगी। लखनऊ के मेरे पुराने अग्रज कलाकार मित्र जयकृष्ण अग्रवाल ने ही मुझसे आपके दिल्ली आने पर कहा था कि यह प्रतिभाशाली युवा चित्रकार है, इसकी कला को देखो। आपकी चित्र-रचना के अद्भुत धैर्य ने मुझे शुरू से ही प्रभावित किया था। कई दिनों तक एक ही काम में जुटे रहना, पर बीमारी को भी आपने इसी तरह की चुनौती मान लिया, और उससे जैसे लड़े, वह कहीं न कहीं आपके भीतर की रचनात्मकता से भी जुड़ी एक लड़ाई थी। आज ख़ुद आप उस दौर को कैसे देखते हैं?

फणीन्द्र : मैं गुरुग्राम में अकेला ही रहता था, अपने निजी कला संघर्ष का चुपचाप सामना कर रहा था। अचानक अक्टूबर-नवंबर 2009 में मुझे वायरल सीरोसा इन्फेक्शन हुआ, सरदर्द रहता था, शरीर में सूजन आ गई। मुझे भला यह कैसे अंदाज़ होता कि एक भयंकर बीमारी मेरे जीवन में चुपचाप जगह बनाने वाली है। सीएमएल यानि क्रॉनिक माइलायड ल्यूकेमिया यानि कैंसर (एक दुर्लभ रक्त कैंसर) जैसा घातक रोग दबे पाँव आ चुका था। ऊपर से दिसंबर में मेरा पारुल से विवाह होने जा रहा था। काफ़ी मेडिकल जाँच के बाद मुझे जब लगा कि जो भी हो मुझे इस रोग से लड़ना ही है। हार नहीं माननी है, पर पारुल या उसका परिवार क्या अब यह रिश्ता बनाना चाहेगा? मैंने अपने पिता से कहा, पापा, मैं अपनी ज़िंदगी के कारण दूसरों को तकलीफ़ नहीं देना चाहता। मैं सेल्फ़िश बिल्कुल नहीं होना चाहता। पहले मैं अपने पिता से डरता था, लेकिन इस बीमारी के बाद मुझे एहसास हुआ कि पिता एक जेनुइन दोस्त भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूँ। हमें पारुल के निर्णय को भी महत्व देना होगा। पारुल का कहना था कि शादी के चार दिन बाद यह रोग पता चलता, तो क्या मैं यह रिश्ता तोड़ देती। जो होगा देखा जाएगा। माता-पिता को उसे समझाना पड़ा। मेरी डॉक्टर ने भी मेरा पूरा साथ दिया। डॉक्टर का कहना था, अगर आप मेरी सारी हिदायतों का नियम से पालन करेंगे, तो आप इस रोग का पॉजिटिव होकर मुक़ाबला कर सकेंगे। आपको मेरी बताई लाइफ स्टाइल को पूरी तरह फ़ॉलो करना पड़ेगा। मेरे भीतर की इनर पॉवर ने भी मेरा साथ दिया। मैं वैसे तो भावुक क़िस्म का व्यक्ति हूँ, आँखों के आँसू आसानी से न रोक पाने वाला, पर इस रोग से परेशान होकर कभी मैं रोया नहीं। पारुल ज़्यादा परिपक्व हैं, ज़्यादा ज़िम्मेवार, उसकी भूमिका मेरे जीवन में अधिक निर्णायक साबित हुई। प्रेम और अच्छी देखभाल ने मेरा साथ दिया। दवाओं और जीवन शैली को बदलने के सहारे अब मैं अपनी कला की दुनिया में निडर आवाज़ाही कर पता हूँ।

विनोद: आप उत्तर प्रदेश के उन कलाकारों में से हैं जो संख्या में लगभग नहीं के बराबर हैं, और जिन्होंने अपनी शर्तों पर कम उम्र में सफलता भी पायी है। बंगाल, बिहार, उड़ीसा के युवा चित्रकार आधुनिक कला में एक घोषित-अघोषित ग्रुप में सामने आये, पर उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली नाम अपना संघर्ष अकेले में ही करते रहे हैं। आप स्वयं इस रचनात्मक संघर्ष को कैसे परिभाषित करना चाहेंगे?



फणीन्द्र : मैं आपकी बात से दो सौ प्रतिशत सहमत हूँ। उत्तर प्रदेश साहित्य, संगीत आदि दूसरी विधाओं में कभी कमज़ोर नहीं साबित हुआ है, पर विज़ुअल आर्ट में उसका पिछड़ापन कुछ आसानी से समझ नहीं आता है। दूसरे प्रदेशों से एक साथ कई युवा कलाकार राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा पाते हैं। वैसे कुछ अच्छे युवा कलाकार हमारे प्रदेश में भी सक्रिय दिख रहे हैं। कह सकते हैं कि भविष्य एक संभावना है।

विनोद: जब आपने लखनऊ के कला महाविद्यालय में दाख़िले का फ़ैसला लिया, तो कौन-से वो भारतीय कलाकार थे, जो आपको प्रिय थे या जिनके रंगों-रूपाकारों ने आपको कला की दुनिया में आने के लिये प्रेरित किया?

फणीन्द्र : कॉलेज में आने से पहले आधुनिक भारतीय कलाकारों से मेरा कोई ख़ास परिचय नहीं था। इंडियन एयरलाइंस की स्वागत पत्रिका में रज़ा के चित्र देखे थे। बचपन से ही मैं उन चित्रों से प्रेरित होकर कुछ न कुछ बनाता रहता था। वह दरअसल एक तरह की प्रैक्टिस थी। कॉलेज के शुरू के दिनों में हुसेन, रज़ा जैसे बड़े नामों की कला ही नहीं, उनका व्यक्तित्व भी प्रभावित करता था। धीरे-धीरे उत्सुकता बढ़ी, अपनी पसंद के कलाकार पहचान में आने लगे। रामेश्वर ब्रूटा के काम देखकर मुझे रचनात्मक चुनौती का अहसास हुआ।

विनोद: क्या उन दिनों आप रामेश्वर ब्रूटा की ब्लेड से खुरच-खुरच कर काम करने की तकनीक से वाक़िफ़ थे?

फणीन्द्र : बिल्कुल भी नहीं। बाद में दिल्ली में जब उनके स्टूडियो में जाने का मौक़ा मिला, तो उनकी तकनीक को जानने-समझने का थोड़ा बहुत मौक़ा मिला। शुरू में तो बस काम की इमेज प्रभावित करती थी। उस ज़माने में हमें इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी तो उपलब्ध थी नहीं। कॉलेज, यूपी ललित कला या केंद्रीय ललित कला अकादमी के पुस्तकालय ही हमारे ज्ञान का स्रोत थे। किताबों में इमेज देखकर ही हम जानते और सीखते थे। शुरू में मुझे विकास भट्टाचार्य, रामेश्वर ब्रूटा और ए. रामचन्द्रन (शुरू के काम) के काम ने बहुत प्रभावित किया। रामचन्द्रन के शुरू के बड़े-बड़े कैनवास मुझे बहुत प्रभावित करते थे। बरसों बाद राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में जब उनकी रिट्रोस्पेक्टिव प्रदर्शनी देखी, तो ययाति और बाद के काम ढंग से देख पाया। दिलचस्प बात यह है कि कॉलेज के शुरू के दिनों में महान डच कलाकार रेंब्रां के काम देखकर मेरा किशोर कलाकार मन बहुत उद्वेलित हुआ। बीएफ़ए के पहले तीन सालों में मैं रेंब्रां को लेकर तो बस पागल था। लाइन, शेड, डिटेल्स सब मुझ पर बुरी तरह हावी थे। मैं उन दिनों बस हिंदुस्तान का एक अगला बड़ा पोर्ट्रेट आर्टिस्ट बनना चाहता था।

विनोद: क्या उन दिनों आपने सेल्फ-पोर्ट्रेट भी बनाये?

फणीन्द्र : हाँ, उन दिनों के दो-तीन आत्म-चित्र आज भी मेरे निजी संग्रह में हैं। थर्ड ईयर तक आते-आते मुझे अपनी दुनिया को समझने, उसके बारे में सोचने की ज़रूरत महसूस हुई। शुरू में एक छात्र के रूप में मेरा लक्ष्य मैक्सिमम एक्सपोज़र था। मैं क्या कर सकता हूँ? मुझे क्या खोजना है? कम्पोजीशन का तर्क और तरीक़ा क्या है? लैंडस्केप, पोर्ट्रेट, कम्पोजीशन, ऐक्रेलिक, ऑयल, टेंपेरा, पोस्टर कलर आदि, मैं सब चीज़ों में महारत हासिल करना चाहता था। बनारस से लखनऊ, मैं जैसे सबकुछ सीखने के लिए आया था। जो भी टीचर मुझे मिलता था, उससे मैं कुछ न कुछ सीख लेना चाहता था। कॉलेज के कैंपस में जो भी कला अध्यापक रहते थे, उन सबने मुझे अपना प्राइवेट स्पेस दिया। मिसाल के लिए नित्यानंद महापात्र बहुत अच्छी ड्राइंग बनाते थे। मैं अक्सर उनके पास जाकर कुछ नया सीखने-समझने की कोशिश करता था। एक हिसाब से देखा जाये तो मैं सभी के नज़दीक था।

विनोद : प्रोफेसर जयकृष्ण अग्रवाल लखनऊ कला महाविद्यालय के एक स्तंभ रहे हैं। उन्होंने ही आपके दिल्ली आने पर मुझे फ़ोन किया था की फणीन्द्र बहुत प्रतिभाशाली और मेहनती युवा कलाकार है। जाकर उसका काम देखो। जय उम्र में मुझसे बड़े थे, पर जब मैं यूनिवर्सिटी में पढ़ रहा था, तो अपने समय की चर्चित पत्रिका 'आरंभ' के कारण मैं उनके संपर्क में आया और एक तरह से वह मेरे कला गुरु भी साबित हुए। लेखकों में जॉन बर्जर मेरे कला गुरु थे और छात्र जीवन में जयकृष्ण। उनका ग्राफ़िक डिपार्टमेंट यूनिवर्सिटी से मुक्त होकर कला की अद्भुत दुनिया में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण अड्डा था।

फणीन्द्र : शुरू में तो जयकृष्ण जी प्रिंसिपल होने के कारण मेरे सीमित संपर्क में थे। जब उन्हें दो साल का एक्सटेंशन मिला, तो मेरा उनसे संपर्क बढ़ा। मैंने उन्हें अपना काम दिखाना शुरू किया। फीडबैक तो खूब मिलता ही था, बहस-बातचीत भी खूब होती थी। वह सिर्फ़ टीचर नहीं रहे, पारिवारिक स्नेह-सम्मान भी मुझे खूब मिला। एक सेंस ऑफ़ सिक्योरिटी उनके साथ मुझे रहती थी। काफ़ी नज़दीक से उन्हें देखने-जानने का मौक़ा मुझे मिला। मैंने उनकी देखरेख में प्रिंटमेकिंग भी सीखने की कोशिश की। पर उन्होंने मुझे कभी फ़ोर्स नहीं किया। मैं भाग्यशाली था। मेरी अपनी दुनिया ड्राइंग की थी। पेन, पेंसिल, इंक की दुनिया में ही मैं अपना रास्ता खोज रहा था। शुरू में पेन, पेंसिल, रोटरिंग पेन ही मुझे कला की जटिल गलियों में ले जाते थे। जयकृष्ण जी ने मुझे जिंक प्लेट में काम करने के लिये भी प्रेरित किया। मैंने कोशिश भी की, एकाध एचिंग भी बनाई। मैंने कोशिश तो की पर मुझे अंदर से लगा, प्रिंट मेकिंग मेरा माध्यम बिल्कुल नहीं है। कम्फर्ट ज़ोन मुझे वहाँ नहीं दिखा। कॉलेज में मैंने सिरेमिक्स में भी थोड़ा प्रशिक्षण पाया। अच्छा स्टूडेंट तो मैं नहीं था, पर आज जब मैं मूर्तिशिल्प में काम कर रहा हूँ, तो थ्री डायमेंशन का वह प्रारंभिक अनुभव मेरे लिए महत्वपूर्ण है। आज मैं एक मीडियम में ही बंद नहीं हो जाना चाहता हूँ।

विनोद : आज जो समकालीन या आपसे सीनियर कलाकार हैं, उनमें से किसका काम आपको अपने नज़दीक लगता है। क्या उनसे कोई संवाद आप कर पाते हैं?

फणीन्द्र : सूजा, रज़ा, हुसेन के ज़माने में कलाकारों का जो आपसी एक क़िस्म का सार्थक संवाद, पत्र लेखन आदि था, वह तो आज दुर्लभ हो चुका है। फ़ोन, व्हाट्सएप आदि की सुविधा है, पर वैसा संवाद कम ही हो पाता है। कुछ कलाकारों से बात तो होती है पर वैसा संवाद नहीं हो पता। साहित्य, संगीत, सिनेमा में भी आप एक ही तरह के अनुभव को बार-बार रिपीट नहीं करना चाहते हैं। मैं जैसा हूँ, वैसे ही लोगों के बीच मुझे बहुत अच्छा नहीं लगेगा। मुझे अगर काला पसंद है, तो मैं चाहूँगा मैं जिनके बीच रहूँ, उन्हें लाल पसंद हो। जो भी मेरे आसपास हो, मुझसे अलग हो।

विनोद : पश्चिम के किसी आधुनिक कलाकार से आप प्रभावित हुए?

फणीन्द्र : डेविड हॉकनी के काम, उनकी अद्भुत एनर्जी, कलर एनर्जी ने मुझे प्रभावित किया है। उनकी कला का विकास अमेजिंग है।

विनोद : संयोग से मुझे विदेश में दो बार डेविड हॉकनी के रिट्रोस्पेक्टिव देखने का मौक़ा मिला है। एक बिल्बाओ, स्पेन के गुगेनहाइम म्यूजियम में और दूसरा टेट ब्रिटेन, लंदन में। लंदन की रॉयल अकादमी की एक विशाल दीवार पर उनका यॉर्कशायर का एक बहुत बड़ा लैंडस्केप भी देखा। क्या रेंज और क्या एनर्जी है। ड्राइंग पेन, पेंसिल से ही नहीं, एप्पल के आईफ़ोन, आईपैड पर भी बन सकता है इस बुढ़ापे में। अच्छा लगा यह जानकर कि हॉकनी आपके भी प्रिय हैं।

फणीन्द्र : मेरी एक निजी फैंटसी है, कुछ कलाकारों के साथ एक स्टूडियो शेयर करने की। एक ऐसा स्टूडियो हो, जहाँ विकास भट्टाचार्य, रामेश्वर ब्रूटा, रामचन्द्रन, डेविड हॉकनी ये सब हों और मैं उनके साथ स्टूडियो शेयर कर रहा हूँ।



~

ABOUT ICIA

Nestled in the heart of Mumbai's art district, Kala Ghoda, the Institute Of Contemporary Indian Art, also known as ICIA Gallery, takes forward the legacy of establishing Indian art in the mindspace of art patrons and enthusiasts. The gallery was set up by Mr Vickram Sethi in the year 2007 with a vision to redefine the orthodox infrastructure not only with regards to the curating and viewing process but also to acquire authentic and prime artworks.

ICIA is one of the largest grassroot galleries in India and has been actively enhancing 'The Exhibition Experience' for the viewer. Over a period of ten years ICIA has exhibited works of revered Modernists and established contemporary artists. The gallery has deftly carved a niche for itself by representing India's art culture with a balanced approach, showcasing the seminal attributes of the masters in tow with the experimental and disruptive vision of contemporary artists from within the country.

AstaGuru is a part of ICIA.

ICIA
INSTITUTE OF CONTEMPORARY INDIAN ART

AstaGuru
India's Premium Auction House

ABOUT BLACK CUBE

Black Cube is an alternative art gallery that focuses on working closely with artists and showcasing their work in the right contextual settings. The gallery aims to exhibit artists' practices in relevant spaces, which does justice to the artist's vision and increases accessibility to audiences. Founded by Sanya Malik, Black Cube is dedicated to the exploration of artistic practices in our contemporary era. Adopting a global perspective, Black Cube deftly navigates the intricate terrain of art, transcending traditional boundaries, and bridging the divide between various materials, mediums, and iconic narratives. An advocate for the extraordinary, Black Cube presents works of art from both emerging talents and well-established artists within the Indian subcontinent. Black Cube works only in the primary art market, and procures and consigns artworks directly from the artists.

BLACKCUBE

